राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष – 03 | अंक – 275 | जौनपुर | रविवार, 25 मई 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## सड़कों पर चलने वाले वाहनों पर प्रेशर हॉर्न लगाने वालों की खैर नहीं – अशोक श्रीवास्तव

ब्यूरो प्रमुख/विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। परिवहन विभाग के संभागीय निरीक्षक अशोक श्रीवास्तव ने ध्वनि प्रदूषण पर कड़ी कार्रवाई की घोषणा की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वाहनों में 120 डेसीबल से अधिक हॉर्न की आवाज पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग और यातायात विभाग मिलकर सड़कों पर तेज आवाज वाले वाहनों पर नजर रखेंगे। विशेष रूप से रॉयल एनफील्ड बुलेट में लगाए जाने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नियम तोड़ने वालों पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। श्रीवास्तव ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे सड़क पर निकलने से पहले अपने वाहन की जांच करें।

## राहुल गांधी पुंछ पहुंचे, पाकिस्तानी गोलाबारी के पीड़ितों से करेंगे मुलाकात



नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार 24 मई को जम्मू– कश्मीर के पुंछ क्षेत्र पहुंच चुके हैं और वहां सैन्य कार्रवाई के दौरान पाकिस्तानी गोलाबारी से पीड़ित लोगों से जल्द ही मुलाकात करेंगे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया था कि राहुल गांधी 24 मई शनिवार को जम्मू–कश्मीर के पुंछ इलाके के दौरे पर रहेंगे और इस दौरान वह पुंछ क्षेत्र में पाकिस्तान की तरफ से की गई गोलाबारी के पीड़ित लोगों से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा था कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 24 मई को पुंछ का दौरा करेंगे, जहां वे हाल ही में पाकिस्तान द्वारा की गई गोलाबारी के दौरान पीड़ित परिवारों से मिलेंगे। इससे पहले वह 25 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में घायल हुए लोगों और कई अन्य हितधारकों से मिलने श्रीनगर गए थे। उन्होंने उस समय जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से भी मुलाकात की थी।

## भगवंत मान ने केन्द्र सरकार पर पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार करने का लगाया आरोप



नई दिल्ली, एजेंसी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने केंद्र सरकार पर पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को यहां कहा कि किसी राज्य के साथ इस तरह का पक्षपातपूर्ण तथा भेदभावपूर्ण व्यवहार अनुचित और अवांछनीय है। मान ने यहां नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक में भाग लेते हुए राज्य से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए और दोहराया कि पंजाब के पास किसी भी राज्य के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। राज्य में पानी की गंभीर स्थिति के मद्देनजर सतलुज यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर के बजाय यमुना–सतलुज–लिंक (वाईएसएल) नहर के निर्माण के विचार पर जोर देते हुए मान ने कहा कि रावी, ब्यास और सतलुज नदियों में पहले ही पानी कम हैं और अतिरिक्त पानी को कम बेसिन वाले क्षेत्र में ले जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब ने यमुना जल के आवंटन के लिए वार्ता में शामिल किए जाने का बार–बार अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि 12 मार्च, 1954 को तत्कालीन पंजाब और उत्तर प्रदेश के बीच यमुना–सतलज–लिंक परियोजना के लिए एक समझौता हुआ था, जिसके तहत तत्कालीन पंजाब को यमुना के दो–तिहाई जल का अधिकार मिला था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समझौते में यमुना के जल से सिंचित होने वाले किसी विशेष क्षेत्र को निर्दिष्ट नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि पुनर्गठन से पहले, रावी और ब्यास की तरह यमुना नदी भी तत्कालीन पंजाब राज्य से होकर बहती थी। हालांकि, उन्होंने इस बात पर दुख जताया कि पंजाब और हरियाणा के बीच नदी के पानी का बंटवारा करते समय यमुना के पानी पर विचार नहीं किया गया, जबकि रावी और ब्यास के पानी को उचित रूप से ध्यान में रखा गया। मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार के सिंचाई आयोग की 1972 की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इसमें कहा गया है कि पंजाब (1966 के बाद, इसके पुनर्गठन के बाद) यमुना नदी बेसिन में आता है। इसलिए मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हरियाणा का रावी और ब्यास नदियों के पानी पर दावा है तो पंजाब का भी यमुना के पानी पर बराबर का दावा होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इन अनुरोधों को नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने कहा कि यमुना नदी पर भंडारण संरचना का निर्माण न होने के कारण पानी बर्बाद हो रहा है। उन्होंने अनुरोध किया कि इस समझौते के संशोधन के दौरान पंजाब के दावे पर विचार किया जाना चाहिए और पंजाब को यमुना के पानी पर उसका उचित अधिकार दिया जाना चाहिए।

## नीति आयोग के समक्ष दिल्लीवालों की महत्वाकांक्षाओं को रखेंगे – रेखा गुप्ता



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज हम नीति आयोग के सामने दिल्ली के विकास के लिए दिल्लीवालों की महत्वकांक्षाओं और अपेक्षाओं को रखेंगे। श्रीमती रेखा गुप्ता ने एक्स पर कहा आज वर्षों बाद नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल बैठक में हम दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। पिछली गैरजिम्मेदार सरकारों के आचरण के कारण दिल्ली के अधिकार की बात आयोग की बैठक में रखी नहीं जा रही थी लेकिन अब डबल इंजन की सरकार पटरी पर है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में हम विकसित भारत के लिए विकसित दिल्ली का अपना रोडमैप देश के सभी प्रदेशों के मुखियाओं के समक्ष पेश करेंगे। आज हम नीति आयोग के सामने दिल्ली के विकास के लिए दिल्लीवालों की महत्वकांक्षाओं और अपेक्षाओं को भी रखेंगे। हम विकसित दिल्ली के लिए संकल्पबद्ध हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को यहाँ नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक का विषय विकसित राज्य से विकसित भारत /2047 रखा गया है, जिसका उद्देश्य भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

## सेना प्रमुख ने शहीद सुरक्षाकर्मियों के परिजन को 'बैज ऑफ सैक्रिफाइज', 'सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर' प्रदान किए

नई दिल्ली, एजेंसी। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अपने कर्तव्य निभाते हुए प्राणों की आहुति देने वाले कई सैन्य कर्मियों के परिजनों को शुक्रवार को 'बैज ऑफ सैक्रिफाइज' और 'सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर' प्रदान किए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ये पुरस्कार वीरता और सर्वोच्च बलिदान के लिए एक गहरी प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि हैं। उन्होंने कहा कि ये उन अधिकारियों, जूनियर कमीशन अधिकारियों और अन्य कर्मियों को सम्मानित करने के लिए प्रदान किए गए, जिन्होंने देश की सेवा करते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी। जुलाई 1999 में




शुरू किए गए 'बैज ऑफ सैक्रिफाइज' और'सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर' 1947 से लेकर अब तक के संघर्षों में सेवाएं देने वाले सुरक्षा कर्मियों के परिवारों को दिए जाते हैं। अधिकारी ने कहा कि पहली बार 16 दिसंबर, 1999 को विजय दिवस पर ये सम्मान प्रदान किए गए थे। मानेकशॉ सेंटर में यह प्रस्तुति समारोह, यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित औपचारिक रक्षा अलंकरण समारोह के एक दिन बाद हुआ। जनरल द्विवेदी ने कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक, कैप्टन दीपक सिंह, हवलदार रोहित कुमार, नायक दिलवर खान, राइफलमैन रवि कुमार, सिपाही प्रदीप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक हिमायूं मुजम्मिल भट (जम्मू–कश्मीर पुलिस) और विजयन कुट्टी जी (सीमा सड़क संगठन) के परिजनों को 'बैज ऑफ सैक्रिफाइज' और 'सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर' प्रदान किया।

## भारत परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा – जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने शनिवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर का पूरा समर्थन किया, जिन्होंने जर्मनी की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान एक कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भारत कभी भी परमाणु धमकियों के आगे नहीं झुकेगा और श्पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय आधार पर मुद्दों को सुलझाएगा। जयशंकर के दृढ़ कूटनीतिक लहजे की पार्टी लाइन से ऊपर उठकर कांग्रेस के नेता संदीप दीक्षित ने तारीफ की है। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने आईएएनएस से बातचीत में बयान का स्वागत करते हुए कहा, "बिल्कुल सही। हम हमेशा से यह अधिकार रखते आए हैं, और मैं यह भी उम्मीद करता हूं कि जब हम जर्मनी जैसे देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं, तो हम पाकिस्तान के खिलाफ भी उनका समर्थन मांगें। पाकिस्तान क्या करता है, उसकी अर्थव्यवस्था कैसी है, यह उनकी चिंता है। हमने हमेशा कहा है कि हम अपने सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं।" उन्होंने कहा कि पिछले 30–35 सालों से पाकिस्तान ने जिस तरह से आतंकवाद को बढ़ावा दिया है।

## सेना के शौर्य पर सवाल खड़े करना कांग्रेस की आदत - राज्यवर्धन सिंह राठौर



जयपुर, एजेंसी। राजस्थान सरकार के मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर शुक्रवार को तीखा पलटवार किया। राज्यवर्धन सिंह राठौर ने कहा कि यह बेहद दुखद है कि कांग्रेस बार–बार भारतीय सेना की वीरता और उपलब्धियों पर सवाल उठाकर देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने का काम करती है। चाहे बालाकोट एयर स्ट्राइक हो, सर्जिकल स्ट्राइक हो या अब ऑपरेशन सिंदूर, कांग्रेस की आदत बन गई है कि वह हर बार सेना के शौर्य पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के बहावलपुर और मुरीदके में आतंकवादियों के अड्डों को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया। यह ऑपरेशन पुलवामा हमले का बदला लेने में एक बड़ी सफलता है। भारतीय सेना ने इस कार्रवाई से देश का मान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते, खून और पानी एक साथ नहीं बह सकता। अगर भविष्य में कोई कायराना हमला हुआ, तो पाकिस्तान को, उसकी सेना को और उसकी अर्थव्यवस्था को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। राठौर ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की जनता इस ऑपरेशन को पूरे सम्मान के साथ देख रही है और सेना के साथ खड़ी है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में कोविड–19 के 23 मामले सामने आए

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी में कोविड–19 के 23 मामले सामने आये हैं। संक्रमण के मामलों के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने सभी अस्पतालों को बिस्तरों, ऑक्सीजन, दवाइयों और टीकों की उपलब्धता के लिए तैयार रहने को लेकर परामर्श जारी किया है। यह पहली बार है जब दिल्ली में लगभग तीन वर्षों के बाद कोविड–19 के मामले सामने आए हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने शुक्रवार को कहा कि बृहस्पतिवार तक कोविड–19 के 23 मामले सामने आए हैं और सरकार मरीजों के दिल्ली के निवासी होने या उनके शहर से बाहर की यात्रा करने को लेकर जानकारी जुटा रही है। सिंह ने एक बयान में कहा, "दिल्ली सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। हमने राजधानी के सभी अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षकों, चिकित्सकों और उनकी टीम के साथ पहले ही समन्वय कर लिया है। तैयारियों के संदर्भ में अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट पर रखा गया है तथा त्वरित प्रतिक्रिया और देखभाल सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन जुटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और जनता को समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

## पीएम मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक सम्पन्न, सभी राज्यों के सीएम ने भाग लिया



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में नीति आयोग की एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करेंगे। हाल ही में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद, भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकवादी शिविरों और उनके प्रशिक्षण केंद्रों को सफलतापूर्वक नष्ट करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री मोदी की सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ यह पहली बड़ी बैठक है। पीएम मोदी दिल्ली के भारत मंडपम में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। नीति आयोग के एक बयान के अनुसार, बैठक में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी राज्यों के साथ ष्टीम इंडियाष के रूप में काम करने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया है। बयान में कहा गया है, जैसे–जैसे भारत एक विकसित देश बनने की ओर अग्रसर है, यह आवश्यक है कि राज्य अपनी अद्वितीय शक्तियों का लाभ उठाएं और जमीनी स्तर पर परिवर्तनकारी बदलाव लाएं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाएं जमीनी स्तर पर ठोस परिणामों में परिवर्तित हों। गवर्निंग काउंसिल की बैठक में विकसित भारत 2047 के लिए विकसित राज्य के दृष्टिकोण पर चर्चा की जाएगी। 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक केंद्र और राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों को देश के सामने मौजूद विकास चुनौतियों पर विचार–विमर्श करने और कैसे राज्य भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आधारशिला बन सकते हैं।

## ममता बनर्जी ने ऑपरेशन सिंदूर आउटरीच कार्यक्रम के बाद संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की



कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विभिन्न देशों के दौरे पर गए बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों की वापसी के बाद संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय सहमति बनाना और पाकिस्तान के साथ–साथ उसकी धरती से पनपने वाले उन आतंकी समूहों को अलग–थलग करना है, जो आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं और उसका समर्थन करते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आतंकवाद के खिलाफ देश की वैश्विक पहल के तहत विभिन्न देशों का दौरा कर रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को देखकर मुझे खुशी हो रही है। जैसा कि मैंने हमेशा कहा है, तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय हित और हमारी संप्रभुता की रक्षा में संघ द्वारा उठाए गए किसी भी कदम के साथ मजबूती से खड़ी है। मैं केंद्र सरकार से प्रतिनिधिमंडलों की सुरक्षित वापसी पर संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह करती हूं, क्योंकि मेरा मानना है कि इस महान राष्ट्र के लोगों को हाल के संघर्ष और चल रहे घटनाक्रम के बारे में किसी और से पहले जानकारी प्राप्त करने का सबसे बड़ा अधिकार है। हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साफ नहीं किया कि किसी और से उनका क्या मतलब है, लेकिन राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि इसके जरिए उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस महीने की शुरुआत में अपने एक्स हैंडल के जरिए भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा की ओर संकेत किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी ऑपरेशन सिंदूर पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। हालांकि, इतने लंबे समय तक यह मांग उठाने से परहेज करने के बाद ममता बनर्जी ने अंततः इसे तब उठाया है जब बहुदलीय प्रतिनिधि मंडल के सदस्य विदेश दौरों पर हैं। केंद्र सरकार की वैश्विक आउटरीच पहल 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और इसके जवाब में सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद शुरू हुई है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक था।

## ऑपरेशन सिंदूर देश की रक्षा में एक अपरिहार्य कदम था - चंद्रबाबू नायडू



नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा किए गये ऑपरेशन सिंदूर की देशभर में तारीफ हो रही है लेकिन अचानक से सीजफायर पर कुछ लोग नराज भी नजर आये। इसमें कांग्रेस के कुछ नेता भी शामिल है जो केंद्र सरकार की अलोचना कर रहे हैं और सीजफायर के पीछे के कारणों को जनता को बताने की बात कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर को देश की सुरक्षा के लिए एक 'अपरिहार्य' कदम बताया। उन्होंने कहा कि किसी को भी ऐसे अभियानों की आलोचना नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यह आतंकवाद को समर्थन देने के समान है।

राहुल गांधी की अलोचना का एन चंद्रबाबू नायडू ने दिया जवाब

नायडू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा ऑपरेशन की आलोचना और विदेश मंत्री एस जयशंकर के खिलाफ उनकी टिप्पणी का जवाब देते हुए यह प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर पार्टी के रुख से ऊपर उठकर एकजुट समर्थन का आह्वान किया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में छह मई की देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके)में नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमले किए थे। पहलगाम हमले में 26 लोगों मारे गए थे जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। नायडू ने राज्य के मुद्दों को लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण सहित कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात के बाद यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "मैं बहुत स्पष्ट हूं, किसी को भी इस अभियान की आलोचना या उस पर हमला नहीं करना चाहिए।

## देश की एकता और अखंडता पर सवाल उठाना राहुल गांधी की आदत – सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दावा किया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आदत है कि वे देश की एकता पर सवाल उठाते हैं, भले ही भारतीय एकजुट हों। यह टिप्पणी राहुल गांधी द्वारा विदेश मंत्री एस जयशंकर से पूछे गए तीन सवालों के बारे में पूछे जाने के बाद आई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि देश की एकता, अखंडता और सम्मान पर सवाल उठाना राहुल गांधी की आदत है, खासकर ऐसे समय में जब 140 करोड़ भारतीय एकजुट हैं और कुछ तत्व भारत की संप्रभुता और एकता पर सवाल उठा रहे हैं। केंद्रीय संचार मंत्री ने जयशंकर से पूछे गए सवालों के समय को लेकर भी कांग्रेस नेता की आलोचना की। सिंधिया ने कहा कि यहां तक घ्धकि जब आतंकवादियों और दुश्मनों का सामना करना पड़ रहा हो? ऐसे गंभीर समय में इस तरह के सवाल उठाना–यह किस तरह की विचारधारा है? न तो आप और न ही हम इसे समझ सकते हैं। कभी गांधी के करीबी



रहे सिंधिया 2018 में कांग्रेस से अलग होकर भाजपा में शामिल हो गए थे। गांधी ने शुक्रवार को जयशंकर पर निशाना साधते हुए दावा किया कि भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो गई है। उन्होंने कांग्रेस की एक पोस्ट को टैग किया जिसमें जयशंकर का एक वीडियो क्लिप था जिसमें वे डच ब्रॉडकास्टर एनओएस के साथ साक्षात्कार के दौरान पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारत–पाक संघर्ष पर सवालों के जवाब दे रहे थे।

# संपादकीय

## युद्ध से भारत को सीखने होंगे कई सबक

आज समझदारी इसी में है कि युद्ध के कोहरे के बीच क्या सही या गलत हुआ, इस बाबत सभी बाहरी दावों और प्रतिदावों को त्याग दिया जाए। समाचार मीडिया एंकरों और स्व–घोषित अति–राष्ट्रवादियों ने कई (ज्यादातर झूठे) दावे कर गड़बड़ कर दी है। सरकार समर्थक मीडिया ने अपने आकाओं की सेवा में काल्पनिक दावों की ऐसी झड़ी लगा दी जिससे सरकार शर्मिंदा हो सकती है और मीडिया ने खुद को बेकार साबित कर दिया है। पहलगाम में आतंकवादी हत्याओं की निंदा करने और रक्षा बलों को सलाम करने में सारा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ा है। इस घटना के कारण पाकिस्तान पर भारत ने पांच दशकों में इतना सघन हमला किया। भारत की इस कार्रवाई के लिए व्यापक समर्थन आतंकवादियों को खोजने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने के राष्ट्रीय संकल्प को दर्शाता है। फिर भी, यह संकल्प आत्म–प्रशंसा के शोर के एक प्रतिध्वनि कक्ष में उतरने का जोखिम उठाता है जो राष्ट्र को उस गहन विश्लेषण से रोक सकता है। इस संघर्ष में हालांकि कुछ भारतीय उद्देश्यों को हासिल कर लिया गया लेकिन इस स्तर पर यह तर्क देना मुश्किल है कि ऑपरेशन सिंदूर एक बड़ी सफलता थी। भले ही ऑपरेशन में सीमित सफलता मिली है लेकिन इससे मिले सबक असीमित हैं। हमारे पास डेटा की एक खदान है जिसमें राजनीतिक ग्राउंड वर्क, राजनयिक जुड़ाव और योजना, रणनीति या परिचालन मुद्दों के विचारों से लेकर उच्च तकनीक वाले सैन्य हार्डवेयर व अत्याधुनिक प्लेटफार्मों के प्रदर्शन पर समृद्ध युद्ध क्षेत्र डेटा तक शामिल हैं।

अगली लड़ाई उन लोगों द्वारा जीती जाएगी जो सैन्य मोर्चे पर इन सीखों पर अच्छी तरह से अमल कर सकते हैं लेकिन सबसे बड़ा सबक विशेष रूप से राजनीतिक मोर्चे पर होगा जहां युद्ध पर बड़े निर्णय लिए जाते हैं। सीखना हमेशा आसान नहीं होता है। उच्चतम राजनीतिक स्तर पर, यह उस रणनीति को चुनौती देता है जिसने हमें मर्दानगी की बातें और युद्ध के नारे दिए, जिसमें चुनावी रैली भी शामिल है, लेकिन युद्ध के समय अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने के लिए आवश्यक कड़ी मेहनत के कम सबूत मिले. साथ ही, विनम्रता, ईमानदारी और जिज्ञासा की भावना के साथ कठिन सवालों को प्रोत्साहित करने की इच्छा भी होनी चाहिए, जिनमें से कोई भी आत्म–प्रशंसा से मदद नहीं करता है जो गहन जांच को बंद कर देता है। साथ ही अगर हमें इस मुद्दे पर राष्ट्रीय एकता का पूरा लाभ उठाना है तो विपक्ष पर चुनावी शैली के हमलों के बजाय राजनीतिक दलों को अधिक विश्वास–निर्माण करने वाले कदमों के साथ एक साथ लाना होगा। पहलगाम आतंकी हत्याओं के ठीक दो दिन बाद 24 अप्रैल को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में जब लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेताओं सहित सभी राजनीतिक नेता मौजूद थे, उसमें प्रधानमंत्री के शामिल न होने के फैसले से विश्वास बहाली में कोई मदद नहीं मिली। वह गलत निर्णय पुरानी ढर्रे की नीतियों के आधार पर लिया गया था। विभिन्न देशों की राजधानियों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का सरकार का निर्णय अलग है। यह दृष्टिकोण में बदलाव का संकेत देता है लेकिन कांग्रेस द्वारा नामित नहीं किए गए शशि थरूर के सूची में शामिल होने पर पैदा हुआ विवाद– एक अनावश्यक चुभन– हमें बताता है कि पुरानी आदतें मुश्किल से छूटती हैं। हम उन पाठों पर वापस आ गए जो सीखे नहीं गए हैं। कांग्रेस पहले ही कह चुकी है कि भाजपा गेम खेल रही है।

# युद्ध काल में लक्ष्मणरेखा लांघता विपक्ष

मृत्युंजय दीक्षित

पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए क्रूर आतंकी हमले की सूचना मिलते ही गृह मंत्री अमित शाह कश्मीर पहुंच गए, प्रधानमंत्री मोदी विदेश दौरा बीच में ही रोक कर वापस आए, एअरपोर्ट पर ही सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की, और अगले ही दिन आतंकियों और उनके पीछे पीछे शत्रुओं को ऐसा दंड देने की घोषणा की जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। इसके बाद सरकार के सभी अंग अपने अपने काम पर लग गए और विपक्ष सरकार का उपहास उड़ाने में। सरकार ने पहले बड़े कूटनीतिक निर्णय लेते हुए सिन्धु जल समझौते को स्थगित किया फिर पूरी तैयारी के साथ ऑपरेशन सिन्दूर लांच हुआ, जिसके अंतर्गत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर तथा पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकाने नष्ट किये गए जिनमें सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए। भारत ने पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने या नागरिक क्षेत्र को निशाना नहीं बनाया और स्पष्ट किया कि उसकी कार्यवाई केवल आतंक के विरुद्ध है किन्तु पाकिस्तानी सेना फिर भी बीच में कूद पड़ी और भारत के सैन्य तथा नागरिक क्षेत्र को निशाना बनाकर हमले किए। भारत के पलटवार के बाद पाकिस्तान में तबाही का मंजर देखा गया और फिर अचानक सीज फायर हो गया। इसके पश्चात प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि यह युद्ध विराम नहीं मात्र स्थगन है, ऑपरेशन सिन्दूर जारी है। वर्तमान में भारत के सर्वदलीय सांसद समूह विश्व के अलग अलग देशों में भारत का पक्ष रखने पहुंचे हुए हैं।



विगत एक माह के इस समस्त घटनाक्रम के दौरान कांग्रेस पार्टी व इंडी गठबंधन के नेता यह बयान तो देते रहे कि वे आतंकवाद के खिलाफ सरकार जो भी रणनीति अपनाएगी उसके साथ पूरी तरह से एकजुट होकर खड़े रहेंगे किन्तु उनकी करनी उनकी इस कथनी के एकदम विपरीत है। ऑपरेशन सिन्दूर लांच होने से पूर्व, सीज फायर की घोषणा और फिर संसदीय दलों की सूची बनने तक राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडी गठबंधन के नेता जिस प्रकार की बयानबाजी, प्रदर्शन और सोशल मीडिया पोस्ट कर रहे हैं कर रहे हैं उससे यह स्पष्ट हो गया है कि वास्तव में इन दलों द्वारा आपदकाल में एकजुट रहने की बात करना एक कोरा दिखावा मात्र है।

कांग्रेस ने सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी की बिना सिर की तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी की और उसके ऊपर गायब लिखा, सोशल मीडिया पर हुए भारी विरोध के बाद भी कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की हेड उसका बचाव करती रहीं लेकिन बाद में मजबूरन उनको वह पोस्ट हटाना पड़ा। इसके बाद कांग्रेस के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ने राफेल का उपहास उड़ाया। कुछ विरोधियों ने तो दो कदम आगे बढ़कर इसे चुनावी स्टंट तक बता दिया। ये लोग लगातार प्रधानमंत्री के मीम सोशल मीडिया पर डालते रहे।

विमर्श बदलने और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए इन्होने पहलगाम की घटना को हल्का करने और इस सत्य पर चूना पोतने का प्रयास किया कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर केवल हिन्दू पुरुषों को मारा। मीडिया बहसों के दौरान किसी भी विरोधी दल के प्रवक्ता ने यह नहीं कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर मारा है अपितु वह सभी लोग यही कहते रहे कि आतंकवादियों ने कुछ निर्दोष लोगों को मार दिया। साथ ही मुस्लिम परस्त विरोधी दलों के नेता लगातार ये कहने लगे कि किसी एक के आतंकवादी होने से पूरी कौम को आतंकी नहीं कह सकते जबकि उस समय यह विषय ही चर्चा करने का नहीं था।

ऑपरेशन सिंदूर स्थगन के बाद से राहुल गांधी व इंडी गठबंधन के नेता व प्रवक्ता सरकार के विरोध की लक्ष्मण रेखा लांघ कर उसे राष्ट्र विरोध में बदल रहे है। राहुल गांधी, इंडी गठबंधन व उनके प्रवक्ता मीडिया के सामने जो प्रश्न कर रहे हैं वो पाकिस्तान व आतंकवादियों के लिए कवर फायर देने वाले हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व उत्तर प्रदेश के स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे लोगों को ऑपरेशन सिंदूर एक छुटपुट घटना लग रही है। इन लोगों के अनुसार यह ऑपरेशन 24 घंटे में ही फुस्स हो गया। कांगेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का पाकिस्तान प्रेम तो अद्‌भुत ही उनका कहना है कि "अपने पाकिस्तान" से युद्ध चल रहा है।

राहुल गांधी व इंडी गठबंधन ने आज तक ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा नहीं की है अपितु वह पूछ रहे हैं कि इस ऑपरेशन में हमने कितने पायलट खो दिये हैं, हमारे कितने विमान नष्ट हुए। कांग्रेस प्रवक्ता दो हाथ आगे जाकर ऑपरेशन सिंदूर को सौदा बता रहे हैं। विपक्ष उसी तरह से बौखलाया दिख रहा है जिस तरह से पाकिस्तान।

अब जबकि अभी ऑपरेशन सिंदूर का एक छोटा सा चक्र ही पूरा हुआ है राहुल गांधी और अन्य विपक्ष विदेश मंत्री के बयान को तोड़ मरोड़ कर उनके पीछे पड़ गया है और उनके इस्तीफे की मांग कर रहा हैं, सुनियोजित तरीके से सीजफायर के मामले पर अमेरिकी दबाव के आगे झुकने का झूठ फैला रहा है। जब अमेरिका ने पाकिस्तान में ओसामा बिन लादेन के ठिकाने पर हमला किया था तब अमेरिका ने भी पाकिस्तान को पूर्व में ही सूचित कर दिया था यह एक अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का अहम हिस्सा है और भारत ने भी उसी नियम का पालन किया है किंतु पता नही क्यों राहुल गांधी को इस पर भी राजनीति करनी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर विदेश मामलों के विशेषज्ञ हैं, कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता उनको "मुखबिर" कह रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी उरी से लेकर पुलवामा और पहलगाम तक हर घटना पर संदेह व्यक्त किया है और कभी भी पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ नहीं बोली। इतना ही नहीं इन्होने पुलवामा के बाद हुई एयर स्ट्राइक का सबूत भी माँगा। वर्तमान कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से अर्बन नक्सलियों के शिकंजे में जा चुकी है। आज वो लोग सरकार व सेना पर सवाल उठा रहे हैं जिनकी मुस्लिम तुष्टिकरण नीति के कारण आज आतंकवाद व आतंकवादी नासूर बन गये हैं। वो लोग सवाल उठा रहे हैं जिनके रहते कश्मीर घाटी में हिन्दुओं के साथ 1980– 90 के दशकों में खून की होली खेली गई और कश्मीर घाटी हिन्दुओं से विहीन कर दी गई। इन सभी दलों को 2004से 2014 तक का काला दौर याद रखना चाहिए जब देश का कोई भी कोना आतंकवादी हमलों से नहीं बच पा रहा था किंतु आज स्थित एकदम उलट गई है। कांग्रेस के मूर्धन्य लोगों को यह बताना ही होगा कि इन लोगों ने मुंबई बम धमाकों के बाद क्या किया था? राहुल गांधी की बयानबाजी से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह पाकिस्तान और चीन के लिए जासूसी कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर से घायल पाकिस्तान ये जानना चाहता है कि ऑपरेशन सिंदूर से हमें तो नुकसान हुआ किंतु क्या भारत को भी नुकसान हुआ यदि हाँ तो कितना? अब राहुल गाँधी इसी काम में लगे हैं। यदि राहुल गांधी को सेना पर भी विश्वास होता तो इन्होने डीजीएमओ की प्रेस वार्ताएं सुनी होतीं जिनमें भारतीय पक्ष को विस्तार से समझाया गया था किन्तु निजी स्वार्थ की राजनीति सेकरने वाले इन लोगों को मुस्लिम वोट बैंक के आगे कुछ और दिखाई नहीं देता। राहुल गांधी भारत में विपक्ष के नेता हैं और वह जो भी बोलते हैं उसे पाकिस्तान में अवश्य सुना जाता है। राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी इनती विचार शून्य हो चुकी है कि इसने भारत सरकार का पक्ष उचित रूप से रखने पर अपने ही नेता शशि थरूर का अपमान करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। केंद्र सरकार द्वारा उन्हें सर्वदलीय प्रतिनिधमंडल में शामिल किये जाने पर कांग्रेस ने अपने योग्य, विदेश मामलों के जानकार तथा अनुभवी सांसद को लेकर ही बवाल मचा दिया। इस पूरे घटनाक्रम से यह बात स्पष्ट हो गई है जल्दी ही कांग्रेस दो भागों में विभाजित दिखाई देगी जिसमें जिसमे एक गुट देशहित में सोचने वाले नेताओं का होगा और दूसरा डीप स्टेट समर्थित राहुल गाँधी परिवार का।

# ........ विविध ........

## चेहरे पर अप्लाई करेंगी ये 3 चीजें तो गर्मियों में भी ग्लो करेगी स्किन, चांद सा खिल उठेगा चेहरा



समर सीजन में स्किन से जुड़ी समस्या न हो, इसके लिए महिलाएं कई तरह के स्किन केयर रूटीन फॉलो करती हैं। लेकिन धूप, धूल, पसीना और प्रदूषण की वजह से स्किन संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। वहीं गर्मियों के मौसम में स्किन का ग्लो भी कम हो जाता है। वहीं अगर आप भी चाहती हैं कि समर सीजन में स्किन ग्लो कर, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल करके आप भी ग्लोइंग स्किन पा सकती हैं। गर्मियों के मौसम में ग्लोइंग स्किन पाने के लिए आप मुल्तानी मिट्टी, चावल का पानी और बेसन आदि का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन चीजों का इस्तेमाल करने से स्किन ग्लोइंग बनती हैं और स्किन संबंधी समस्याएं भी कम हो सकती हैं।

चावल का पानी

चावल में ऐसे कई गुण पाए जाते हैं, जो मुंहासों को कम करने, खुले रोम छिद्र को बंद करने, चेहरे की कसावट, ड्राई स्किन और स्किन पर ग्लो लाने का काम करता है। वहीं चावल का पानी भी स्किन को ग्लोइंग बनाने का काम करता है।

सामग्री

आधा कप चावल

आधा लीटर पानी

ऐसे करें इस्तेमाल

रात को चावल को पानी में भिगो दें।

फिर अगले दिन सुबह पानी और चावल को अलग कर लें।

अब रोजाना इस पानी से फेस वॉश करें।

बेसन

बता दें कि बेसन में एंटी बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जोकि स्किन से दाग–धब्बों को दूर करती है। वहीं बेसन को फेस पर इस्तेमाल करने से स्किन चमकदार बनती है।

सामग्री

बेसन– 2 चम्मच

दही– 1 चम्मच

ऐसे करें इस्तेमाल

एक कटोरी में बेसन लें और इसमें थोड़ा सा दही मिलाएं।

इन दोनों चीजों का पतला सा पेस्ट बनाएं।

अब इसको फेस पर अप्लाई करें।

करीब 10 मिनट बाद फेस धो लें।

सप्ताह में दो बार इस उपाय को करना चाहिए।

मुल्तानी मिट्टी

चेहरे के लिए मुल्तानी मिट्टी काफी फायदेमंद होती है। यह चेहरे के तेल को साफ करने, स्किन पर चमक लाने और टैनिंग रिमूव करने का काम करती है।

सामग्री

मुल्तानी मिट्टी– 2 चम्मच

गुलाब जल– 1 चम्मच

ऐसे करें इस्तेमाल

सबसे पहले एक कटोरी में मुल्तानी मिट्टी लें।

अब इसमें गुलाब जल मिक्स करें और पेस्ट बना लें।

फिर इसको फेस पर अप्लाई करें।

अब 15 मिनट बाद फेस वॉश कर लें।

इस उपाय को सप्ताह में दो बार करें।

## गुजरात घूमने का बना रहे प्लान तो इन जगहों को करें एक्सप्लोर, ट्रिप होगी यादगार

गुजरात घूमने जा रहे लोगों के लिए जरूरी है कि वह वहां के फेमस टूरिस्ट स्पॉट घूमने जरूर जाएं। क्योंकि जब भी आप किसी जगह पर घूमने के लिए जाते हैं। तो सबसे पहले आपके दिमाग में वही लोकेशन आती हैं। जिनके बारे में वह शहर जाना जाता है। गुजरात में कई ऐसी जगहें हैं, जिसको देखने के लिए दूर–दूर से लोग आते हैं। ऐसे में अगर आप इन फेमस जगहों पर घूमने नहीं जाते हैं, तो आपको यकीनन अफसोस होगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गुजरात की कुछ फेमस जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आपको गुजरात की इन फेमस जगहों पर घूमने जरूर जाना चाहिए।

गिर राष्ट्रीय उद्यान

गिर राष्ट्रीय उद्यान भारत के फेमस उद्यानों में से एक है। इसको देखने के लिए दूर–दूर से लोग आते हैं। गिर राष्ट्रीय उद्यान एशिया में सिंहों का एकमात्र निवास स्थान माना जाता है। यहां पर आप सफारी का भी आनंद ले सकते हैं। वहीं इस उद्यान में आपको कई तरह के प्रजातियों वाले जीव देखने को मिलेंगे। ऐसे में गुजरात आने के बाद आपको यहां जरूर आना चाहिए।


सोमनाथ मंदिर

आपको सोमनाथ मंदिर के भी दर्शन के लिए जाना चाहिए। यह भारत के प्राचीन और ऐतिहासिक शिव मंदिरों में से एक है। भगवान शिव के भक्त दूर–दूर से इस मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। यह मंदिर शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। अरब सागर के तट पर स्थिति यह मंदिर खूबसूरत होने के साथ चमत्कारी भी माना जाता है। बताया जाता है कि सोमनाथ मंदिर में सच्चे मन से दर्शन करने वाले लोगों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह परिवार के साथ घूमने के लिए अच्छी जगहों में से एक है।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी

बता दें कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 182 मीटर ऊंची भव्य प्रतिमा देश की सबसे बड़ी प्रतिमाओं में से एक है।

साल 2018 में पीएम मोदी ने इसका उद्‌घाटन किया था। यह गुजरात का फेमस टूरिस्ट स्पॉट है। यहां का सुंदर नजारा काफी आकर्षित करता है। ऐसे में आप यदि गुजरात आ रहे हैं, तो आपको यहां आना अच्छा लगेगा।



## गोंद कतीरा से बनाएं 3 डिफरेंट और टेस्टी ड्रिंक्स, गर्मियों में भी रहेंगे कूल-कूल



समर सीजन में आप खुद को सेहतमंद रखता चाहते हैं, तो आपको गोंद कतीरे का सेवन करना चाहिए। आप गोंद कतीरा स्मूदी, ड्रिंक्स और अन्य कई डिशेज में मिक्स कर सकती हैं। ऐसे में हम आपको गोंद कतीरा से बनने वाली तीन अलग–अलग टेस्टी ड्रिंक्स की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

गर्मियों के मौसम में गोंद कतीरा का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। तेज और चिलचिलाती धूप और लू से यह हमारा बचाव करती है। इसमें मौजूद नेचुरल कूलिंग प्रॉपर्टीज हमारे शरीर का तापमान बैलेंस में रखता है। इस मौसम में गोंद कतीरा खाने से पाचन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं और शरीर को भी एनर्जी मिलती है। वहीं गर्मियों में यह डिहाइड्रेशन से भी बचाव करता है। इसकी तासीर ठंडी होती है और गर्मियों में इसका सेवन रामबाण माना जाता है। साथ ही यह हड्डियों को मजबूत बनाने में भी सहयता करता है। ऐसे में समर सीजन में आप खुद को सेहतमंद रखता चाहते हैं, तो आपको गोंद कतीरे का सेवन करना चाहिए। आप गोंद कतीरा स्मूदी, ड्रिंक्स और अन्य कई डिशेज में मिक्स कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोंद कतीरा से बनने वाली तीन अलग–अलग टेस्टी ड्रिंक्स की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। आपको गर्मियों के मौसम में एक बार इस ड्रिंक को जरूर ट्राई करना चाहिए।

पुदीना–नींबू शिकंजी गोंद कतीरा शिकंजी रेसिपी

इस रेसिपी को बनाने के लिए एक बर्तन में गोंद कतीरा को भिगो दें।

अब एक मिक्सर जार में नींबू, पुदीना, काला नमक, जीरा और चीनी डालकर पीस लें।

फिर इस पेस्ट को एक बर्तन में निकाल लें।

एक गिलास में भीगा हुआ गोंद कतीरा डालें और फिर यह पेस्ट डालें।

इसके बाद ऊपर से ठंडा पानी और जलजीरा डालकर मिक्स करें।

बर्फ के टुकड़े ऊपर से डालकर सर्व करें।

गोंद कतीरा तरबूज शर्बत रेसिपी

गोंद कतीरा तरबूज शर्बत बनाने के लिए गोंद कतीरा को भिगो दें।

अब तरबूज को छोटे–छोटे टुकड़ों में काट लें।

फिर मिक्सर जार में इसको पीस लें।

अब एक गिलास में गोंद कतीरा, तरबूज पेस्ट, तरबूज के कटे टुकड़े डालकर मिक्स करें।

इसके ऊपर से ठंडा पानी, काला नमक और बर्फ डालकर मिलाएं और फिर सर्व करें।

गोंद कतीरा मैंगो शेक रेसिपी

सबसे पहले गोंद कतीरा को कुछ देर के लिए पानी में भिगो दें।

फिर आम का छिलका हटाकर उसको टुकड़ों में काट लें।

अब एक जार में आम के टुकड़े, दूध और चीनी डालकर शेक बना लें।

इस शेक को एक बर्तन में निकाल लें और इसमें गोंद कतीरा मिलाएं।

इसमे कुछ आम के टुकड़े डालकर अच्छे से मिक्स करें।

फिर गिलास में कुछ बर्फ के टुकड़े डालें और ऊपर से मैंगों शेक डालें।

इस आसान तरीके से गोंद कतीरा मैंगो शेक बनकर तैयार हो जाएगा।

## तेरह करोड़ साठ लाख रुपए की लागत से बनने वाली मल्हनी खुटहन मार्ग का राज्य मंत्री ने किया शिलान्यास




ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर जनपद की जनता के आवागमन की सुगमता के दृष्टिगत रखते खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माननीय गिरीश चन्द्र यादव जी ने राज्य सड़क निधि योजना के अंतर्गत – मल्हनी खुटहन मार्ग पर लाल दरवाजा जौनपुर चुंगी से लुंबिनी दुद्धी मार्ग के किलोमीटर 235 तकष लगभग 4.700 किलोमीटर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस मार्ग कि कुल लागत रु० 1360.09 लाख (रुपए तेरह करोड़ साठ लाख मात्र) है । राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने कहा कि इस मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण हो जाने से आवागमन में सुगमता होगी, यह मार्ग करंजाकला ब्लॉक तक बनेगी, यह मार्ग दो प्रमुख मार्ग को जोड़ेगी, जौनपुर – खुटहन मार्ग से जौनपुर – शाहगंज मार्ग तक, जिससे क्षेत्र वाशियो को आवागमन में लाभ मिलेगा, और प्यारेपुर पास गोमती नदी पर बन पुल मई 2025 तक बन जाने की संभावना है, जिससे इस क्षेत्र की जनता के अन्य लोगों को भी लखनऊ, प्रयागराज व अन्य जगह जाना आसान हो जाएगा।

राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) माननीय गिरीश चन्द्र यादव जी ने जौनपुर की जनता की तरफ उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी महाराज एवं मा. वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना जी का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया। शिलान्यास कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मनोरमा मौर्या, राजकेसर पाल, डा रामसूरत मौर्या, कमलेश निषाद, सारिका सोनी, विकास शर्मा, अमित श्रीवास्तव, अजय सिंह , धर्मेंद्र मिश्रा,रविन्द्र सिंह राजू दादा, प्रशांत सिंह, राजेश मौर्य, इंद्रराज पाल, मनीष श्रीवास्तव व संजय पाठक , सचिन पांडेय अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## चोरी की बाइक के साथ मोटर पार्ट्स बेचने वाले एक आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। नेवढ़िया थाना अंतर्गत पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के पार्ट्स बेचने की कोशिश कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।आरोपी मोटरसाइकिल के पार्ट्स को अलग–अलग करके बेचने की फिराक में थे। पुलिस के अनुसार, ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत यह कार्रवाई की गई। उप निरीक्षक सुदर्शन यादव और उनकी टीम ने 25 मई 2025 को सिहोरीवीर पुलिया से दोनों आरोपियों को पकड़ा।

पकड़े गए आरोपियों में राजू राजभर पुत्र सतीश उर्फ पवर राजभर, जो वाराणसी के बड़ागांव थाना क्षेत्र के कुम्भापुर का रहने वाला है। दूसरा आरोपी आदर्श यादव उर्फ भग्गू पुत्र सुदामा यादव है, जो वाराणसी के फूलपुर थाना क्षेत्र के बरही कला का निवासी है। दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है। इन पर नेवढ़िया, बड़ागांव और जंसा थाने में पहले से कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों से मोटरसाइकिल के कई पार्ट्स बरामद किए हैं। इनमें चेसिस, इंजन, एलॉय व्हील, टायर, टंकी, सीट, हेडलाइट और अन्य पार्ट्स शामिल हैं। पुलिस ने मामले में नियमानुसार मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जल जीवन मिशन परियोजना का नोडल अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण/नोडल अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत फूलपुर में पेयजल परियोजना कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। नोडल अधिकारी द्वारा ओवरहेड टैंक निर्माण, पंप हाउस, बाउंड्री वॉल, सोलर पैनल, सोलर पंप आदि का निरीक्षण किया गया। योजना के समस्त कार्य पूर्ण एवं आराजी फूलपुर के सभी कनेक्शन से जलापूर्ति होती हुई पायी गयी। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी द्वारा स्वयं नल खोलकर जलापूर्ति का निरीक्षण भी किया गया। ग्राम समूह की महिलाओं ने नोडल अधिकारी के समक्ष पानी की गुणवत्ता की जांच भी की। उन्होंने ग्राम वासियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए हर घर नल से जल योजना के तहत जल कनेक्शन के बारे में जानकारी ली। आयोजित चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं आदि के बारे में भी जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारित करने के निर्देशित दिए।

इस दौरान उन्होंने टेक्निकल ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षुओं तथा योजना से लाभान्वित लाभार्थियों से संवाद की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 राम अक्षयबर चौहान, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, परियोजना निदेशक के. के. पांडेय, एक्सईएन जल जीवन मिशन ग्रामीण, बीडीओ सिकरारा आदि उपस्थित रहे।

## बर्ड फ्लू से मिले संक्रमित बाघिन, तेंदुआ समेत 5 जानवर

गोरखपुर, संवाददाता। चिड़ियाघर में बाघिन, तेंदुआ समेत पांच जानवरों में बर्ड फ्लू से संक्रमित हैं। राष्ट्रीय उच्च पशु रोग संस्थान, भोपाल से शुक्रवार को आई रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इतने जानवरों में संक्रमण मिलने से चिड़ियाघर में हड़कंप मच गया है। उधर, चिड़ियाघर में मरे तीन कौओं की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर) में बाघिन शक्ति की मौत बर्ड फ्लू से हुई थी। इसके बाद परिसर और वेटलैंड में कई कौए मरे मिले थे। कौओं के साथ ही चिड़ियाघर के वन्यजीवों का सैंपल भी जांच के लिए राष्ट्रीय उच्च पशु रोग संस्थान, भोपाल भेजा गया था। शुक्रवार को भोपाल से आई रिपोर्ट में बाघिन मैलानी, तेंदुए के दो शावक, एक हिमालयन गिद्ध, कॉकाटील में संक्रमण की पुष्टि हुई है। वहीं, तीन कौओं की मौत का कारण भी बर्ड फ्लू संक्रमण ही था। वन्यजीवों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद इन्हें आईसोलेट कर दिया गया है। चिड़ियाघर के उप निदेशक एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि आईसोलेट कर वन्यजीवों का इलाज किया जा रहा है। दूसरे जानवरों की रिपोर्ट निगेटिव है। कौओं को इनसे दूर रखने के लिए उपाय किए जा रहे हैं।

## बरातियों की कार पलटी, दूल्हे के भाई की मौत– चार घायल

गोरखपुर, संवाददाता। बांसगांव (गोरखपुर)। मऊ जिले के घोसी कोतवाली क्षेत्र के अमरपुर जामडीह गांव के पास शुक्रवार की सुबह बरातियों की कार खाई में पलट गई। घटना में एक की मौत हो गई और कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि चालक को झपकी आने की वजह से हादसा हुआ है। मृतक की पहचान दूल्हे के भाई चंद्रमोल त्रिपाठी उर्फ दीपू (38) के रूप में हुई। वहीं, बांसगांव थाना क्षेत्र के पांडेय तिघरा निवासी किशन पांडेय (30), संदीप प्रजापति (30), भीटी तिवारी निवासी मदन तिवारी (18) और उनके भाई बिशु तिवारी (19) गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, बांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भीटी तिवारी के आनंद त्रिपाठी के यहां से बृहस्पतिवार की शाम बरात मधुबन थाना के खीरीकोठा गई थी। रातभर वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराने के बाद भोर में बराती वापस लौट रहे थे। उनमें से एक कार मधुबन घोसी मार्ग होते हुए गोरखपुर–वाराणसी फोरलेन की तरफ जा रही थी। सुबह करीब 6:30 बजे कार अमरपुर जामडीह गांव के पास पहुंची थी कि चालक को अचानक झपकी आ गई। इतने में कार पुलिया की रेलिंग से टकराई और खाई में पलट गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। चारों की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद बांसगांव के भीटी तिवारी गांव में कोहराम मच गया। शादी वाले घर में मातम छा गया। घर में नई दुल्हन के स्वागत की भव्य तैयारी की गई थी, मौत की चंद्रमोल की मौत की सूचना मिलते सभी दहाड़ मारकर चीखने–चिल्लाने लगे।

## बीएचयू के एमएस को हटाने की मांग, छात्रों ने फूंका पुतला

वाराणसी, संवाददाता। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सर सुंदरलाल चिकित्सालय में लगातार बढ़ती अव्यवस्थाओं, दलालों की सक्रियता एवं स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली के विरोध में शनिवार को विश्वविद्यालय के छात्रों ने मेडिकल सुपरिंटेंडेंट ऑफिस के समीप प्रदर्शन किया। एसएस डॉ. केके गुप्ता एवं आईएमएस निदेशक एसएन शंखवार का पुतला फूंका। प्रदर्शन के दौरान मीडिया से बात करते हुए छात्र प्रतिनिधि पुनीत मिश्रा ने कहा कि सर सुंदरलाल चिकित्सालय सिर्फ बीएचयू ही नहीं, बल्कि पूर्वांचल समेत कई राज्यों के गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवन रेखा है।

महामना पंडित मदनमोहन मालवीय द्वारा स्थापित यह संस्थान मानवता के मूल्यों पर आधारित था, परंतु वर्तमान में यह भ्रष्टाचार का केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेडिकल सुपरिंटेंडेंट की मौन सहमति से निजी जांच केंद्रों से मिलीभगत कर मरीजों को वहा भेजा जा रहा है, जिससे दलाली और कमीशनखोरी को बढ़ावा मिल रहा है।

छात्रों ने रखी अपनी बात

छात्रों की प्रमुख मांगों में मरीजों को समुचित और नियमित भोजन की व्यवस्था, रेडियोलॉजिकल व रक्त जांच रिपोर्ट की डिजिटल उपलब्धता, रेडियोलॉजिकल जांचों की प्रतीक्षा अवधि में कमी, जांच शुल्क में पारदर्शिता, आवश्यक दवाओं की वार्डों में उपलब्धता, नीति में स्पष्टता, तथा बाहरी उपकरणों व दवाओं की अनिवार्यता समाप्त करना शामिल है। सत्यनारायण सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्र स्वास्थ्य संकुल की आपातकालीन सेवाएं, जो कोरोना काल से पहले रात आठ बजे तक चालू रहती थीं, अब तक बहाल नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि हजारों छात्रों के लिए केवल छह इमरजेंसी बेड उपलब्ध हैं, जो अत्यंत निराशाजनक है। दिव्यांश धर दुबे ने भी छात्रों को ओर से बात रखते हुए कहा कि सर सुंदरलाल अस्पताल की व्यवस्थाएं चरमरा चुकी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एसओजी कर्मी बनकर कार सवार लुटेरों ने बैंक मैनेजर से असलहे के बल पर लूटकर दिया धक्का

अयोध्या। कोतवाली नगर क्षेत्र में नाका बाईपास पर तीन कार सवार लुटेरों ने अपने को एसओजी कर्मी बताकर बाराबंकी में जिला सहकारी बैंक में मैनेजर पद पर तैनात कमी को यह कहकर बिठा लिया कि वे लोग भी जांच के लिए प्रतापगढ़ जा रहे है।लुटेरों ने पीड़ित बैंक मैनेजर से असलेहे के बल बल पर 8,500 हजार से 10,000 रुपये तक नगद रुपए, तथा दो एटीएम जिनमें से एक एटीएम का जबर्दस्ती कोड जानकर, सोने की अंगूठी तथा मोबाइल फोन छीन लिया।उसके बाद लुटेरों ने थाना पूरा कलंदर मे स्थित रोडवेज वर्कशॉप के पास उसे कार से धक्का दे दिया और मौके से फरार हो गए।बताते चलें पीड़ित बैंक मैनेजर राम अचल वर्मा की पत्नी वर्तमान समय में प्रतापगढ़ जिले में डिप्टी जेलर के पद पर तैनात है।पीड़ित राम अचल वर्मा ने पुलिस को दिए गए तहरीर के माध्यम से बताया के शुक्रवार की शाम वह प्रतापगढ़ जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहा था।इसी बीच लुटेरे में से एक व्यक्ति पीछे से उसके पास आया और उन्होंने कहा कि प्रतापगढ़ चलोगे जिस पर इन्होंने हां कहते हुए उक्त गाड़ी में बैठ गये।जैसे ही यह गाड़ी अवध विश्वविद्यालय से आगे गई तो वहां पर गाड़ी में आगे बैठे एक व्यक्ति असलहे की नोक पर दोनों एटीएम कार्ड, सोने की अंगूठी, 8, 500 हजार से 10,000 तक नगद रुपए, मोबाइल फोन छीन लिए तथा थाना पूरा कलंदर क्षेत्र में स्थित रोडवेज वर्कशॉप पर धक्का मार कर लुटेरे आगे बढ़ गए।इसकी सूचना जब पीड़ित ने थाना पूरा कलंदर को दिया तो मामला उनकी पत्नी के डिप्टी जेलर प्रतापगढ़ से जुडा होने के चलते पुलिस महकमे मे हड़कंप मच गया।घटना की घटना के सूचना मिलते एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह,सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने थाना पूरा कलंदर पुलिस के साथ कई थानों की फोर्स के साथ देर रात तक जांच पड़ताल में जुटे रहे।इस संबंध में सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम के अलावा इस घटना की खुलासे के लिए एसओजी टीम का गठन कर दिया गया है।बताया कि नाका बाईपास से लेकर घटना स्थल तक दोनों तरफ लगी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खगाली जा रही है।बताया कि शीघ्र घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

### ब्रह्माकुमारी समर्पित साधक राम लोचन भाई को सरयू नदी में अस्थि विसर्जन के साथ दी अंतिम विदाई

अयोध्या। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के माउंट आबू स्थित मुख्य केंद्र से जुड़े गोंडा जिले के समर्पित साधक राम लोचन भाई ने चार दिन पूर्व इस दुनिया को अलविदा कह दिया। लगभग 55 वर्षों तक संस्था के प्रति पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ पूर्वांचल के सैकड़ों बी.के. भाइयों को मुख्य धारा से जोड़ने वाले राम लोचन भाई ने अपने कार्यों और सेवाओं से समाज और संस्था में एक अमिट छाप छोड़ी। उनके योगदान को युगों–युगों तक स्मरण किया जाएगा।राम लोचन भाई की अंतिम इच्छा के अनुसार, उनके अस्थि कलश को अयोध्या की पवित्र सरयू नदी में विसर्जित किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्था के वरिष्ठ बी.के. भाइयों ने माउंट आबू से अयोध्या पहुंचकर एक शोक सभा का आयोजन किया। इस सभा में उनके सहयोगियों, प्रशंसकों और संस्था के सदस्यों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात, राम लोचन भाई के अस्थि कलश को मां सरयू की गोद में प्रवाहित कर उन्हें अंतिम विदाई दी गई।राम लोचन भाई ने अपने जीवनकाल में ब्रह्माकुमारी संस्था के माध्यम से आध्यात्मिकता और मानवता की सेवा में अनुकरणीय योगदान दिया।उनकी स्मृतियां और उनके द्वारा स्थापित मूल्य संस्था के सदस्यों और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी। यह शोक सभा और अस्थि विसर्जन का आयोजन न केवल उनकी अंतिम इच्छा की पूर्ति थी, बल्कि उनके जीवन और कार्यों के प्रति सम्मान का प्रतीक भी था।

# 31 लाख लेकर नहीं दी जमीन, एफआईआर दर्ज

वाराणसी, संवाददाता। विद्युत संविदा मजदूर संगठन के प्रदेश प्रभारी पुनीत राय के अलावा 40 अज्ञात पर चितईपुर थाने में शुक्रवार की रात मुकदमा दर्ज किया गया। आरोप है मना करने के बाद भी धरना–प्रदर्शन करते हुए परिसर में आ गए। इससे काम में बाधा आई। पुलिस के अनुसार अवर अभियंता अमित कुमार सिंह की तहरीर पर एफआईआर की गई है। तहरीर आदेश के विरुद्ध जाकर विद्युत संविदा मजदूर संगठन के लोग विरोध कर रहे थे। कई बार उन्हें बाहर जाने को कहा गया। बावजूद इसके बाहर नहीं गए। जिसकी वजह से कार्यालय में कार्य में बाधा पहुंच रही है। आदेश का उल्लंघन किया गया है। इस बारे में चितईपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज जांच की जा रही है।

जमीन बेचने के नाम पर 31 लाख की धोखाधड़ी

वाराणसी के जमीन बेचने के नाम पर 31 लाख रुपये लेकर धोखाधड़ी करने और धमकी देने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर आजमगढ़ के नंदांव निवासी सतीश विश्वकर्मा की तहरीर पर लालपुर पांडेयपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। सतीश का आरोप है कि उनके रिश्तेदार दिनेश विश्वकर्मा और सर्वेश सिंह ने वर्ष 2022 में जमीन बेचने के नाम पर उनसे संपर्क किया। दिनेश ने साढ़े दस बिस्वा जमीन की कीमत 26 लाख रुपये बताई। बातचीत के बाद 31 लाख रुपये की रकम उनसे ली गई। लालपुर–पांडेयपुर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

अस्सी घाट समेत कई इलाकों से हटवाए अतिक्रमण

नगर निगम की ओर से शुक्रवार को कई इलाकों से अतिक्रमण हटवाए गए। साथ ही 6400 रुपये जुर्माना वसूला गया। नदेसर बाजार से बेतरतीब वाहनों के अतिक्रमण को हटवाया गया। एनाउंस किया गया कि अतिक्रमण न करें अन्यथा कार्रवाई होगी। साकेत नगर कॉलोनी लंका के पास चाय वाला सड़क के पास दुकान लगाकर चाय वाले पर 200 रुपये का चालान किया गया। लंका से अस्सी घाट पर अतिक्रमण हटवाए। एक हजार रुपये जुर्माना लगाया। दो किलो प्लास्टिक जब्त करने के साथ 2000 रुपये जुर्माना वसूला। लंका रोड पर लोहे का टी स्टाल लगाकर अतिक्रमण किया था। जिसे जब्त कर 200 चालान किया गया। अस्सी घाट पर लगे अतिक्रमण को हटवाया गया।

बहू ने ससुर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

सारनाथ के सलारपुर इलाके की एक विवाहिता ने अपने ससुर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। इस संबंध में विवाहिता ने सारनाथ थाने की पुलिस से शिकायत की है। विवाहिता का कहना है कि उसके पति मुंबई से घर आ जाएं तो वह पुलिस से कानूनी कार्रवाई के लिए कहेगी। उधर, इस संबंध में सारनाथ थानाध्यक्ष विवेक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि महिला ने प्रार्थना पत्र दिया है। फिलहाल महिला कार्रवाई नहीं चाहती है। महिला का कहना है कि पति के आने पर वह कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस के पास आएगी।

खनन में सात ट्रैक्टर–ट्रॉली सीज

पिंडरा के फूलपुर थाने की पुलिस ने खनन कर मिट्टी ले जा रहे सात ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज कर दिया। फूलपुर इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि गजोखर में अवैध खनन कर मिट्टी ढोने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर छापा मार कर सात ट्रैक्टर को सीज किया गया है। उधर, मिर्जामुराद थाने की पुलिस ने लालपुर लड़ूवाई गांव में खनन कर मिट्टी ले जा रहे ट्रैक्टर–ट्रॉली को सीज कर दिया।

बिजली गिरने से मजदूर की मौत

बड़ागांव थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में शुक्रवार की शाम मजदूरी कर घर वापस आ रहा एक मजदूर बिजली गिरने से घायल हो गया। आनन फानन में लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। राजेश यादव उर्फ पिंटू यादव (38) हर दिन की तरह साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी बीच तेलारी हसनपुर मार्ग पर मौसम बिगड़ गया। इस दौरान बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई।

गोमती नदी में नहाने के दौरान युवक डूबा

दानगंज के अजगरा गांव में गोमती नदी में नहाने के दौरान युवक डूब गया। चोलापुर थाने की पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। चोलापुर थाना क्षेत्र के अजगरा गांव के बेचू राजभर के छह पुत्रों में सबसे छोटा सौरभ राजभर (24) साथियों के साथ गोमती नदी के किनारे गया था।

साथियों को स्नान करता देख सौरभ ने भी गोमती नदी में छलांग लगा दी। उसके साथियों ने बताया कि छलांग लगाते ही सौरभ गहरे पानी में समा गया। सौरभ के साथियों की सूचना पर उसके परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सौरभ का शव को बाहर निकलवाया। परिजनों ने बताया कि सौरभ इंटरमीडिएट की परीक्षा पास कर घर पर ही रहता था।

नेहा राठौर को गिरफ्तार कर रासुका लगाने की मांग

नेहा सिंह राठौर के खिलाफ कराए मुकदमे के बाद हनुमान सेना ने पुलिस से अविलंब कार्रवाई करने की मांग की है। कहा है कि गिरफ्तार कर रासुका लगाई जाए। शुक्रवार को हनुमान सेना संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर सिंह ने अपर पुलिस आयुक्त (आयुक्त) अपराध राजेश कुमार सिंह को ज्ञापन देकर कहा कि पहले से हुए मुकदमे पर कार्रवाई की जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बिहार की नेहा सिंह राठौर के गाए गाने को लेकर तत्काल कार्रवाई करने की मांग से अवगत कराते हुए कहा कि नेहा को गिरफ्तार कर रासुका लगाई जाए।

कछुआ संरक्षण के लिए यात्रियों को किया जागरूक

विश्व कछुआ दिवस पर शुक्रवार को वन विभाग की टीम और आरपीएफ ने कैंट स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान कछुआ संरक्षण को लेकर यात्रियों को जागरूक किया गया। इस दौरान कैंट आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार यादव, जीआरपी प्रभारी निरीक्षक हेमंत सिंह मौजूद रहे।

चार दिन से लापता व्यक्ति का शव फंदे से लटका मिला

चोलापुर के नेहिया गांव से चार दिन से लापता फुलगेन सिंह (55) का शव उनके घर से सौ मीटर दूर स्थित दूसरे मकान के बरामदे में शुक्रवार को गमछे के फंदे के सहारे लटका मिला। सूचना पाकर पहुंची चोलापुर थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। चोलापुर थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों से बातचीत के आधार पर यह सामने आया है कि फुलगेन सिंह लकड़ी की कटाई और बिक्री से संबंधित काम करते थे। घर से किसी बात से नाराज होकर वह निकले थे।

12 घंटे में तेज झुलसाने वाली धूप बादल छाए और आंधी भी आई

बनारस में शुक्रवार के पहले 12 घंटे में मौसम बदलता रहा। कभी तीखी धूप ने झुलसाया तो मणिकर्णिका से अस्सी तक घाट सन्नाटे में डूब गए। जब शाम को बादल छाए और 30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चली तो घाट फिर से गुलजार हो उठे। शुक्रवार को तीखी गर्मी और आंधी–बूंदाबांदी भी एक साथ देखने को मिली। जहां 39.2 डिग्री के साथ शुक्रवार को प्रदेश का चौथा सबसे गर्म शहर रहा तो दूसरी ओर बादल के चलते सुबह और शाम पारा 28 डिग्री तक आ गया।

शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री कम 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री ज्यादा 27.6 डिग्री सेल्सियस तक रहा। बीएचयू के मौसम वैज्ञानिक प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि नम हवा के बावजूद तेज धूप और अत्यधिक तापमान के चलते बारिश हो नहीं पा रही है।

## पशु तस्कर संग पुलिस का एनकाउंटर, पैर में लगी गोली

गोरखपुर, संवाददाता। शाहपुर इलाके में शुक्रवार देर रात पुलिस की पशु तस्करों से मुठभेड़ हो गई। इसमें एक तस्कर को पैर में गोली लग गई। वह वहीं जमीन पर गिर गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसमें दो तस्कर भाग गए। पकड़े गए गए गौ तस्कर की पहचान बिहार पश्चिम चंपारण निवासी साहब अंसारी के रूप में हुई। इसके पास से एक तमंचा बरामद हुआ है। इससे पहले, 29 अप्रैल को भी शाहपुर थाना क्षेत्र में पशु तस्करों ने जमकर उत्पात मचाया था।

खजांची चौराहे के पास राहगीर की कार में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो तस्करों ने ईंट व पत्थर से हमला कर दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। पुलिस ने इस बार पहले से ही घेराबंदी कर दी थी। पशु तस्करों के गोरखपुर आने की सूचना पुलिस को मिल गई थी। इस दौरान टीम ने घेरकर इन्हें रोकने का प्रयास किया तो ये फायरिंग कर भागने लगे। इसी दौरान पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक पशु तस्कर के पैर में गोली लग गई।

## मुरव्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब एक लाख का कन्यादान, खाते में भेजी जाएगी राशि

कानपुर, संवाददाता। वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभिन्न योजनाओं के तहत जिले की 2537 बेटियों के हाथ पीले कराए जाएंगे। वहीं, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक पात्र जोड़े को एक लाख रुपये आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना में पहले कन्या के खाते में 35 हजार रुपये भेजे जाते थे जो अब 60 हजार रुपये कर दिए गए हैं। शनिवार को यह जानकारी जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने नवीन सभागार सरसैया घाट में हुई बैठक में दी। अध्यक्षता सांसद रमेश अवस्थी ने की। बैठक में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा व सामान्य वर्ग के गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए सरकार की ओर से मिलने वाले अनुदान पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि अपने घर से विवाह करने वाली पात्र बेटियों को 20 हजार रुपये, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शामिल बेटियों को एक लाख रुपये व श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों की पुत्रियों के विवाह पर 51 हजार रुपये का अनुदान देने का नियम है। 2025–26 में अनुसूचित जाति की 985 व सामान्य वर्ग की 593 बेटियों की शादी का लक्ष्य तय किया गया। पात्र http://shadianudan. upsdc.gov, पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वहीं, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जिले को 959 बेटियों के विवाह का लक्ष्य मिला है।

# लखनऊ में राज्य स्तरीय कार्यशाला में उपमुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित हुई शिक्षिका विजय लक्ष्मी यादव



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ में एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक संगम का साक्षी बना, जहां कलार्पण भारत एवं बेसिक एजुकेशन मूवमेंट ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राज्य स्तरीय काव्य, साहित्य, लोककला एवं सांस्कृतिक कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 268 प्रतिभागियों ने अपनी कला, साहित्यिक अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय लोक परंपरा की गहराई और समृद्धता को मंच पर सजीव कर दिया। इस गरिमामयी अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने मंच से अपने विचार रखते हुए कहा कि भारत की लोककलाएं हमारी आत्मा हैं, और इन्हें जीवित रखना केवल कलाकारों का नहीं, हम सबका दायित्व है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार लोक कलाकारों के साथ हर मोर्चे पर खड़ी है।

बनारस व मिर्जापुर की कजरी विश्व प्रसिद्ध है इस लोक विधा को विजयलक्ष्मी यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया।प्रस्तुति कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट काव्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए प्रथम स्थान डॉ. राजेश शर्मा, द्वितीय स्थान दो गुरु प्यारी और तृतीय स्थान डॉ संजय यादव को प्रदान किया गया।

# वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान मोबाइल चोरी को लेकर विवाद हुआ, लाठी से सिर पर वार होने से युवक की मौत

देश की उपासना
धनन्जय विश्वकर्मा

जौनपुर। तेजी बाजार थाना क्षेत्र के पिपरी गांव में शुक्रवार की रात एक वैवाहिक कार्यक्रम में मोबाइल चोरी होने के बाद विवाद हो गया। एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप में विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट होने लगी। इससे गंभीर रूप से घायल एक युवक की मौत हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया। युवक हैदरपुर गांव से अपनी मौसी के घर शादी के कार्यक्रम में शामिल होने आया था। तेजी बाजार थाना क्षेत्र के हैदरपुर गांव का ही निवासी 30 वर्षीय रणजीत विश्वकर्मा अपने मौसी की लड़की की शादी में अपने मित्रों के साथ आया था।

शुक्रवार की रात में जब बराती डांस कर रहे थे। तभी एक बराती की मोबाइल चोरी हो गई। यह बात घरातियों को पता चली तो एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप करने लगे। इसी बात को लेकर घरातियों में ही आपस में मारपीट हो गई। इसी बीच किसी ने लाठी से रणजीत के सिर पर वार कर दिया जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़े। घायल रणजीत को परिवार के लोग जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थोड़ी देर में किसी ने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी। पुलिस के अनुसार, मृतक के चाचा राम उजागिर विश्वकर्मा की तहरीर पर मृतक के मौसा के भाई कपूरचंद विश्वकर्मा, लकी विश्वकर्मा, राजन विश्वकर्मा और अशोक विश्वकर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्राधिकारी सदर परमानंद कुशवाहा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। 11 मई को हुई थी रणजीत की शादी स तेजीबजार थाना क्षेत्र के हैदरपुर गांव निवासी 30 वर्षीय रणविश्वकर्मा की शादी 11 मई को हुई थी। घर वाले शादी के चार दिन बाद घर फेरी देकर दोंगा भी ला दिए थे। वहीं नयी नवेली दुल्हन का रो–रो कर बुरा हाल है। पिता राम अजोर विश्वकर्मा घर के बगल एक छोटी सी दुकान खोलकर अपना निजि लकड़ी की दुकान चलाते है। रणजीत तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।

इस प्रकरण में विश्वकर्मा समाज के कई समाज सेवक ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। इस क्रम में समाजवादी पार्टी के मल्हनी विधानसभा अध्यक्ष सोचना राम विश्वकर्मा, सपा जिला अध्यक्ष राकेश मौर्या, अधिवक्ता राम उजागिर विश्वकर्मा, दीपक आर विश्वकर्मा, अध्यापक प्रदीप विश्वकर्मा, हीरालाल विश्वकर्मा, अधिवक्ता राधेश्याम विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा (देवदूत विश्वकर्मा सेना) दीपक विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहें।

# एसओजी कर्मी बनकर कार सवार लुटेरों ने बैंक मैनेजर से असलहे के बल पर लूटकर दिया धक्का

(डॉ अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या।शुक्रवार की शाम कोतवाली नगर क्षेत्र में नाका बाईपास पर तीन कार सवार लुटेरों ने अपने को एसओजी कर्मी बताकर बाराबंकी में जिला सहकारी बैंक में मैनेजर पद पर तैनात कमी को यह कहकर बिठा लिया कि वे लोग भी जांच के लिए प्रतापगढ़ जा रहे है।लुटेरों ने पीड़ित बैंक मैनेजर से असलेहे के बल बल पर 8,500 हजार से 10,000 रुपये तक नगद रुपए, तथा दो एटीएम जिनमें से एक एटीएम का जबर्दस्ती कोड जानकर, सोने की अंगूठी तथा मोबाइल फोन छीन लिया।उसके बाद लुटेरों ने थाना पूरा कलंदर मे स्थित रोडवेज वर्कशॉप के पास उसे कार से धक्का दे दिया और मौके से फरार हो गए।बताते चलें पीड़ित बैंक मैनेजर राम अचल वर्मा की पत्नी वर्तमान समय में प्रतापगढ़ जिले में डिप्टी जेलर के पद पर तैनात है।पीड़ित राम अचल वर्मा ने पुलिस को दिए गए तहरीर के माध्यम से बताया के शुक्रवार की शाम वह प्रतापगढ़ जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहा था।इसी बीच लुटेरे में से एक व्यक्ति पीछे से उसके पास आया और उन्होंने कहा कि प्रतापगढ़ चलोगे जिस पर इन्होंने हां कहते हुए उक्त गाड़ी में बैठ गये।जैसे ही यह गाड़ी अवध विश्वविद्यालय से आगे गई तो वहां पर गाड़ी में आगे बैठे एक व्यक्ति असलहे की नोक पर दोनों एटीएम कार्ड, सोने की अंगूठी, 8, 500 हजार से 10,000 तक नगद रुपए, मोबाइल फोन छीन लिए तथा थाना पूरा कलंदर क्षेत्र में स्थित रोडवेज वर्कशॉप पर धक्का मार कर लुटेरे आगे बढ़ गए।इसकी सूचना जब पीड़ित ने थाना पूरा कलंदर को दिया तो मामला उनकी पत्नी के डिप्टी जेलर प्रतापगढ़ से जुडा होने के चलते पुलिस महकमे मे हड़कंप मच गया।घटना की घटना के सूचना मिलते एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह,सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने थाना पूरा कलंदर पुलिस के साथ कई थानों की फोर्स के साथ देर रात तक जांच पड़ताल में जुटे रहे।

इस संबंध में सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम के अलावा इस घटना की खुलासे के लिए एसओजी टीम का गठन कर दिया गया है।बताया कि नाका बाईपास से लेकर घटना स्थल तक दोनों तरफ लगी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खगाली जा रही है।बताया कि शीघ्र घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# खेत में बकरी चरने का विवाद हिंसक रूप लिया, पिता-पुत्री की बेरहमी से पिटाई

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के चोरसंड गांव में 23 मई शुक्रवार की शाम एक मामूली घटना ने हिंसक रूप ले लिया। खेत में बकरी चले जाने को लेकर शुरू हुए विवाद ने एक परिवार को असहनीय पीड़ा और गंभीर चोटों के साथ छोड़ दिया। घटना में पीड़ित पिता–पुत्री को दबंगों द्वारा बेरहमी से पीटा गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। चोरसंड गांव निवासी महेंद्र गौतम (50 वर्ष), पुत्र स्व. बंसराज गौतम ने आरोप लगाया कि उनकी बकरी गलती से पट्टीदार सुरेंद्र के खेत में चली गई। इसके बाद सुरेंद्र और उनके तीन बेटों ने महेंद्र के घर आकर गाली–गलौज शुरू कर दी। महेंद्र के विरोध करने पर सुरेंद्र और उसके बेटों ने छह अन्य अज्ञात युवकों को बुला लिया। इन सभी ने मिलकर महेंद्र और उनकी शादीशुदा बेटी राधिका (पत्नी आनंद), जो बच्चों की छुट्टियों पर मायके आई हुई थी, को लाठी–डंडों और लोहे की रॉड से पीटा। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार के अन्य सदस्यों ने घायलों को तुरंत जौनपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित परिवार ने स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस दबंगों का साथ दे रही है और पीड़ितों की सुनवाई नहीं हो रही। न तो घायलों का डाक्टरी परीक्षण कराया गया और न ही घटना का मुकदमा दर्ज किया गया। इस घटना ने गौराबादशाहपुर में कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब पुलिस की निष्क्रियता उजागर हुई है। इससे पहले भी बादल यादव और अनुराग यादव की घटनाओं में पुलिस का रवैया सवालों के घेरे में रहा। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्रशासन ने जल्द कदम नहीं उठाए तो यह विवाद और गहरा सकता है। घटना ने स्थानीय निवासियों के बीच डर का माहौल पैदा कर दिया है।

प्रशासन से न्याय की गुहार

पीड़ित परिवार ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और घायलों के लिए न्याय की मांग की है। स्थानीय समाजसेवियों और संगठनों ने भी इस घटना की निंदा की है और प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। यह घटना न केवल पीड़ित परिवार के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक चेतावनी है कि कानून का भय खत्म होता जा रहा है।

# आरपीएफ व जीआरपी कर्मियों ने अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर किया पैदल गस्त

अयोध्या। शनिवार को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक हरीश कुमार शाही,नवागत प्रभारी निरीक्षक अयोध्या कैंट जीआरपी समर बहादुर सिंह ने सुरक्षा कर्मियों के साथ पैदल गस्त कर रेल यात्रियों को सुरक्षा के प्रति जागरुक किया।इस मौके पर उन्होंने अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्मों के साथ–साथ वेटिंग हॉल,कैंटीन के साथ साथ स्टेशन के बाहर भी बारीकी से चेकिंग अभियान चलाया।इस दौरान इन सुरक्षा कर्मियों ने वहां पर खड़े ट्रेनों के अंदर भी जाकर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग कर रहे सुरक्षाकर्मियों ने स्टेशन परिसर के बाहर अवैध रूप से खड़े ई रिक्शा तथा ऑटो पर भी शिकंजा कसा। चेकिंग अभियान में आरपीएफ निरीक्षक हरीश कुमार शाही,उप निरीक्षक जितेंद्र यादव, जीआरपी अयोध्या कैंट प्रभारी निरीक्षक समर बहादुर सिंह, उप निरीक्षक राम नारायण यादव के के अलावा रेलवे सुरक्षा बल तथा जीआरपी के सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।

# कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों को नही मिलेगा अवकाश – सीएमओ

डॉक्टर अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या। एक बार फिर कोरोना को लेकर जिले में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट अलर्ट हो गया है।कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी है। यह जानकारी सीएमओ डॉक्टर सुशील कुमार ने दिया। उन्होंने बताया कोरोना को देखते हुए किसी भी अधिकारी व कर्मचारियों को अवकाश बिना सीएमओ के अनुमति के नहीं मिलेगा।शीघ्र ही कोरोना से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग जल्द ही स्वास्थ्य विभाग मॉक ड्रिल करेगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ एक बैठक भी किया गया। उन्होंने बैठक में बताया कि इस संबंध में सभी सीएचसी व पीएचसी अधीक्षकों को पत्र जारी किया जा रहा है। उन्होंने बताया के सभी स्वास्थ्य कर्मी कोरोना से निपटने के लिए अलर्ट हो जाये।वही अस्पतालो मे आइसोलेशन वार्ड बनेगा।उन्होंने बताया कि राम लला का दर्शन करने आ रहे श्रद्धालु हमारे सर्वोच्च प्राथमिकता में है।अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से सैनिटाइजर व मास्क अवेलेबल कराया जायेगा।वहीं स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा सभी लोगो को कोरोना के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# सफलता की उड़ान – वैभव नारायण मिश्रा ने अखिल भारतीय सैनिक स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। अधिवक्ता दंपति दीपक कुमार मिश्रा और प्रीति मिश्रा के परिवार में आज हर्ष और उल्लास का माहौल है। उनके पुत्र, वैभव नारायण मिश्रा , जो कक्षा 9 के छात्र हैं, ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (छज।) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर ली है। इस सफलता के साथ अब उन्हें उत्तराखंड के गोरखाल सैनिक स्कूल में प्रवेश मिलेगा। वैभव की इस उपलब्धि पर उनके माता–पिता, दादा–दादी और अन्य रिश्तेदार अत्यंत गर्व महसूस कर रहे हैं। हालांकि माता–पिता का मानना है कि यह सफलता केवल उनके बेटे के कठिन परिश्रम और बुद्धिमत्ता की देन है। मिश्रा परिवार ने अपने बेटे की शिक्षा के लिए अनेक संघर्षों का सामना किया, लेकिन आज उनके पुत्र की मेहनत ने न केवल उन कठिनाइयों को कम किया, बल्कि पूरे परिवार को गौरव से भर दिया है।

यह सफलता यह सिद्ध करती है कि अगर दृढ़ संकल्प, मेहनत और परिवार का समर्थन हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। अब यह होनहार छात्र सैनिक स्कूल में अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाने के लिए तैयार है। उसकी सफलता के लिए पूरे परिवार और शुभचिंतक उत्साहित हैं। हम वैभव नारायण मिश्रा को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं।

# पुलिस अधीक्षक आफिस से महज कुछ दूरी पर दबंगों ने पेट्रोल पंप मैनेजर से किया मार पीट

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के जिला कारागार के पास स्थित सर्वेश्वरी पेट्रोल पंप पर शुक्रवार की देर रात एक युवक ने मैनेजर से मारपीट की। युवक ने दिन भर के कलेक्शन से भरा बैग छीनने का प्रयास भी किया। घटना के समय पेट्रोल पंप के मैनेजर अभिषेक कुमार नोजल मैन की अनुपस्थिति के कारण खुद पेट्रोल भर रहे थे। देर रात सौरभ कुमार नाम का युवक अपने चार साथियों के साथ पंप पर आया। उसने अभिषेक पर अपनी बाइक में पेट्रोल भरने का दबाव बनाया। जब अभिषेक ने मना किया तो युवक ने कलेक्शन के रुपयों से भरे बैग को छीनने का प्रयास किया। मैनेजर ने सतर्कता दिखाते हुए बैग को एक कर्मचारी को सौंप दिया। इस दौरान आरोपी ने न केवल मैनेजर से मारपीट की बल्कि पेट्रोल पंप लूटने की धमकी भी दी। शोर सुनकर भीड़ जमा हो गई।

इसके बाद आरोपी के साथी उसे वहां से ले गए। पीड़ित अभिषेक कुमार ने लाइन बाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई। शनिवार को घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत और वीडियो के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# भूमि विवाद के प्रकरणों में पुलिस और राजस्व विभाग की टीम बनाकर जांच करने के निर्देश – डीएम

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कोतवाली मछलीशहर में फरियादियों की समस्याएं सुनी गयी। जिलाधिकारी के द्वारा फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद के प्रकरणों में पुलिस और राजस्व विभाग की टीम बनाकर जांच करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि महिला पुलिस भी सक्रिय रहे। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी मछलीशहर सौरभ कुमार, कोतवाल, कानूनगो और लेखपाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई होलकर ने समाज में व्याप्त बुराइयों के समाप्त करने की दिशा में काम किया - नितिन अग्रवाल



हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना) पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कार्यालय पर अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने किया। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने समाज में व्याप्त बुराइयों के समाप्त करने की दिशा में काम किया तथा महिला उत्थान की दिशा में कार्य निर्णायक फैसले लिए, जो कि आज के समय में हमारे लिए प्रेरणा है। कहा कि अहिल्याबाई होलकर एक कुशल शासक के साथदृसाथ कुशल योद्धा थी, जनता को भगवान मानकर सेवा करने वाली अहिल्या बाई ने गृहस्थ जीवन का भी बेहतर संचालन किया, उनके कर्म को हमें आत्मसात करते हुए कार्य करना चाहिए। बताया कि बद्रीनाथ, केदारनाथ, काशी विश्वनाथ आदि तमाम धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार एवं मंदिरों के निर्माण में अहिल्याबाई होल्कर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी उनकी 300वीं जयंती को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से देश भर में जनसहयोग से मना रही है और जन जन तक उनके कार्यों को भी पहुंचा रही है। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि संसार में कुछ ऐसी विभूतियां भी जन्मी हैं जो अवतारी तो नहीं थीं लेकिन उनका व्यक्तित्व और कृतित्व अवतारी शक्तियों के समतुल्य रहा। इंदौर की महारानी देवि अहिल्याबाई का व्यक्तित्व ऐसा ही था। उन्हें "देवि" किसी दरवारी कवि ने नहीं कहा, अपितु जन सामान्य ने कहकर पुकारा । उनका सादगीपूर्ण जीवन, धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के लिये समर्पण जीवन, उनके द्वारा किये गये जन कल्याणकारी कार्य, विशेषकर किसानों और महिलाओं के हित में लिये गये उनके निर्णयों ने उनकी ओर पूरे भारत के शासकों का ध्यान आकर्षित किया । यह उनके व्यक्तित्व की विशेषता ही है कि आज लगभग तीन सौ वर्ष बीत जाने के बाद भी वे जन सामान्य में सम्मान और श्रृद्धा का केन्द्र हैं। विषम और विपरीत परिस्थितियों को चीरकर न केवल अपने राज्य क्षेत्र में अपितु पूरे भारत में उन्होंने सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अभियान चलाया और सनातन मानविन्दुओं को पुनर्प्रतिठित किया, यह असाधारण है। भारत के प्रत्येक भाग और प्रत्येक समाज वर्ग के व्यक्ति के हित को ध्यान में रखकर काम किये । इन कार्यों पर जितना धन उन्होंने व्यय किया उतना किसी रियासत ने नहीं किया फिर भी उनका राजकोष समृद्ध था। उनकी विचारशीलता बहुत व्यापक थी। पूरा भारत राष्ट्र और सनातन विचार उनके चिंतन में समाया थी। वे बहुत दूरदर्शी थीं। भविष्य का भारत कैसे प्रतिष्ठित हो, आने वाली पीढ़ी और समाज कैसे सुसंस्कृत हो और कैसे भारत राष्ट्र का सांस्कृतिक गौरव पुनर्प्रतिठित हो, वे दिन रात इसी चिंतन में डूबी रहतीं थीं । इसकी झलक उनकी कार्यशैली में भी दिखती है। यह प्रदर्शनी उनके जीवन का सार है, भारतवासी जीवनभर उनके ऋणी रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री सत्येंद्र कुमार सिंह राजपूत एवं सह संयोजक आईटी विभाग के सौरभ सिंह गौर थे। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण शास्त्री, जिला महामंत्री ओम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित, संजय सिंह, जिला मंत्री अविनाश पांडे, नीतू चंद्रा, अजय शुक्ल, जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी, कार्यालय मंत्री अतुल सिंह, सह मीडिया प्रभारी परेश गुप्ता, सोशल मीडिया संयोजक प्रद्युम्न मिश्रा, सुभाष पांडे, ब्लॉक प्रमुख पन्ने, मुकुल सिंह, आदर्श दीपक मिश्र, कपिल गुप्ता, सुहाना शरणजीत कौर, बॉबी गुप्ता, आशुतोष आजाद, विश्वदीपक दीक्षित मौजूद रहे।

# नियमित रूप से गोवंशो का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए – अंकित कुमार

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। निदेशक अल्पसंख्यक कल्याणध्नोडल अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के द्वारा अस्थाई गो–आश्रय स्थल सादनपुर और निजामुद्दीनपुर मड़ियाहूं का निरीक्षण किया गया। अस्थाई गो–आश्रय स्थल निजामुद्दीन के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी के द्वारा गो आश्रय स्थल में भूसा, हरा चारा, पेयजल आदि की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली गयी।



उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि गो–आश्रय स्थलों में भूसा, हरा चारा और चोकर अनिवार्य रूप से गोवंशों को दिया जाए, जिससे गोवंश स्वस्थ रहे।

उन्होंने निर्देशित किया कि गौशाला में नियमित रूप से साफ–सफाई कराया जाना सुनिश्चित करें। पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि नियमित रूप से गोवंशो का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए।

नोडल अधिकारी के द्वारा गो–आश्रय से संबंधित पशु आहार पंजिका, गोवंश पालकों के वेतन, भूसा क्रय रजिस्टर सहित अन्य का विस्तृत निरीक्षण किया और निर्देशित किया गया कि सभी रजिस्टर अद्यतन रहे। इसके साथ ही नोडल अधिकारी के द्वारा केयर टेकर और सहभागिता योजनार्न्तगत लाभार्थियों को अगंवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने विधिवत गो–पूजन कर गोवंश को गुड़, केला, चोकर खिलाया गया।

नोडल अधिकारी द्वारा गो आश्रय स्थल में पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, परियोजना निदेशक के0के0 पांडे, खण्ड विकास अधिकारी ग्राम प्रधान उमेश सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 64 यूपी बटालियन, लखनऊ विश्वविद्यालय के कैडेट अंडर आफिसर आदित्य सिंह का चयन शैन्य अधिकारी के रूप में आफिसर ट्रेनिंग अकादमी में चयन हुआ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। 64 यूपी बटालियन, एनसीसी, लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है जिसमे कैडेट अंडर ऑफिसर आदित्य सिंह (एनसीसी बैच 2020–2023 तथा बी. कॉम, लखनऊ विश्वविद्यालय) का चयन ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी के द्वारा सेना में अधिकारी लिए हुआ है। यह उपलब्धि न केवल कैडेट आदित्य सिंह की मेहनत और अनुशासन का प्रतिफल है, बल्कि 64 यूपी बटालियन के प्रशिक्षण की गुणवत्ता और मार्गदर्शन की सफलता का प्रतीक भी है। एनसीसी के साथ अपने जुड़ाव के दौरान अंडर ऑफिसर आदित्य सिंह ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने कहा– एनसीसी ने मुझे सिखाया कि समूह में कैसे समन्वय करना है और विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल कैसे ढलना है। इसने मुझे विनम्रता के साथ–साथ निर्णायक बनने की प्रेरणा दी। हमारे सीओ सर, एएनओ सर और वरिष्ठों के निरंतर मार्गदर्शन ने मुझे भाषण व सामाजिक जागरूकता प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जिससे मेरे सार्वजनिक बोलने और संप्रेषण कौशल में सुधार हुआ। एनसीसी समारोहों के आयोजन से मैंने प्रबंधन क्षमताओं को निखारा, ड्रिल ने मेरे आत्मविश्वास व अनुशासन को मजबूत किया और जूनियर्स का मार्गदर्शन करते हुए नेतृत्व कौशल विकसित हुआ। श्रन्č के रूप में कार्य करते हुए मैंने कार्यों को प्राथमिकता देना और उन्हें प्रभावी रूप से संचालित करना सीखा। PSTC कैंप और SSB प्रशिक्षण ने मुझे एक सशक्त दिशा प्रदान की। फायरिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और टीम कार्यों ने मेरे व्यक्तित्व को बहुआयामी बनाया। एनसीसी ने मेरे जीवन में सकारात्मक और निर्णायक परिवर्तन लाए हैं। 64 यूपी बटालियन एनसीसी और लखनऊ विश्वविद्यालय के बी कॉम के छात्र रहे आदित्य सिंह को माननीय कुलपति प्रो. अलोक कुमार राय, ले (डॉ) रजनीश कुमार यादव, कमान अधिकारी कर्नल पी पी एस चौहान व एडम ऑफिसर ले. कर्नल अनिमेष राय ने उनके उज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दिया और कहा की यह सफलता निश्चित रूप से अन्य कैडेट्स के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# चर्चित बलिया खाद्यान्न घोटाले में तत्कालीन ब्लाक प्रमुख को ई0ओ0डब्लू0 वाराणसी द्वारा किया गया गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। उ0प्र0 शासन की प्राथमिकता में शामिल बलिया खाद्यान्न घोटाले में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु प्रशान्त कुमार पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में पुलिस अधीक्षक ई०ओ०डब्लू० वाराणसी सेक्टर द्वारा अभियुक्तो की तलाशधगिरफ्तारी के लिये एक टीम का गठन किया गया था। दिनांक 24.05.2025 को उक्त घटना में संलिप्त वांछित पूर्व ब्लाक प्रमुख मुन्ना सिंह उर्फ सुग्रीव सिंह पुत्र रामलक्षन सिंह, निवासी–ग्राम सरया, थाना पकडी, जनपद बलिया को ई०ओ०डब्लू० टीम द्वारा बलिया से गिरफ्तार किया गया है। सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना का कियान्वयन केन्द्र सरकार ६ राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2002 से 2005 के मध्य जनपद बलिया के पन्दह ब्लाक के विभिन्न गावों में क्षेत्र पंचायत अंश से मिट्टी कार्य, नाली निर्माण, खड़न्जा, पटरी मरम्मत, सम्पर्क मार्ग, सी०सी० और पुलिया निर्माण का कार्य कराया जाना था। परन्तु कार्य मानक के अनुरूप नहीं और अपूर्ण पाया गया था। बलिया खाद्यान्न घोटाले से सम्बन्धित अभियोग मु0अ0सं0–46ए/2006, धारा–409, 419, 420. 467, 468, 471, 218, 201, 120बी, 34 भा०द०वि०, थाना–सिकन्दरपुर, जनपद–बलिया की विवेचना में पाया कि तत्कालीन ब्लाक प्रमुख द्वारा सम्बन्धित जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों से मिलीभगत कर धोखाधड़ी एंव कूटरचित अभिलेखों के आधार पर लगभग 61 लाख रूपये से अधिक शासकीय धन का गबन करते हुये खाद्यान्न का वितरण मजदूरों को नहीं किया गया है। फर्जी मस्टर रोल भी अभियुक्तों के द्वारा तैयार किया गया था। इस अभियोग में साक्ष्य संकलन पश्चात कुल 23 अभियुक्तों की संलिप्तता पायी गयी थी. जिसमें उक्त अभियुक्त भी वांछित चल रहा था। अभियुक्त वर्ष 2004–05 के दौरान ब्लाक पंदह का ब्लाक प्रमुख था।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।